Ans. (a) : 24 जनवरी, 2022 को राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर राजस्थान के अजमेर जिले की गौरी माहेश्वरी समेत 61 बच्चों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया गया। गौरी माहेश्वरी को कला और संस्कृति की श्रेणी में पुरस्कृत किया गया है। वह कैलीग्राफी आर्ट में दक्ष हैं।

48. कृष्णा नागर ने ''स्पैनिश पैरा .... टूर्नामेन्ट 2022'' में स्वर्ण पदक जीता।

(a) बॉक्सिंग (b) बैडमिंटन
(c) एथलेटिक्स (d) स्विमिंग

Lab Asst. (Science) (II Step) 29.06.2022 Shift-I

Ans. (b) : टोक्यो पैरालंपिक के स्वर्ण पदक विजेता प्रमोद भगत, कृष्णा नागर के नेतृत्व में भारतीय पैरा बैडमिंटन दल ने स्पेनिश पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल 2022 में शानदार प्रदर्शन करते हुए 21 पदक हासिल किया। इस प्रतियोगिता में कृष्णा नागर ने स्वर्ण पदक जीता।

49. 50वीं सीनियर पुरुष राष्ट्रीय हैण्डबॉल प्रतियोगिता 2022 की मेजबानी की थी–

(a) भरतपुर ने (b) बीकानेर ने
(c) कोटा ने (d) जयपुर ने

Lab Asst. (Science) (II Step) 29.06.2022 Shift-I

Ans. (d) : 50वीं सीनियर पुरुष राष्ट्रीय हैण्डबाल प्रतियोगिता 2022 की मेजबानी जयपुर ने की थी। इस प्रतियोगिता का आयोजन जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में 20 से 25 मार्च तक हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन कृषि मंत्री लालचंद कटारिया ने किया।

50. फरवरी 2022 में, छात्राओं को पुलिस तन्त्र की कार्यप्रणाली से परिचित करवाने के लिए 'मेरी पुलिस मेरी दोस्त' अभियान चलाया गया–

(a) जयपुर में (b) अजमेर में
(c) उदयपुर में (d) डूंगरपुर में

Lab Asst. (Science) (II Step) 29.06.2022 Shift-I

Ans. (d) : फरवरी 2022 में छात्राओं को पुलिस तंत्र की कार्यप्रणाली से परिचित करवाने के लिए 'मेरी पुलिस मेरी दोस्त' अभियान राजस्थान के डूंगरपुर जिले में चलाया गया। इस अभियान के तहत 16 थानों में स्कूल की 550 छात्राओं को विजिट कराया गया।

51. किस जिले को 'एक्सीलेंस' इन गवर्नमेंट प्रोसेस री-इंजीनियरिंग फॉर डिजिटल ट्रांसफोर्मेशन' श्रेणी के अन्तर्गत 24वाँ राष्ट्रीय ई–गवर्नेंस पुरस्कार मिला?

(a) बाड़मेर (b) जोधपुर
(c) नागौर (d) बीकानेर

Lab Asst. (Science) (II Step) 29.06.2022 Shift-I

Ans. (c) : प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग और इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार ने तेलंगाना के सहयोग से 7-8 जनवरी, 2022 को तेलंगाना स्थित हैदराबाद में 24वाँ ई.गवर्नेंस राष्ट्रीय सम्मेलन 2021 का आयोजन किया। उद्घाटन सत्र के दौरान राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस पुरस्कार 2021 प्रदान किए गए। इसके अंतर्गत राजस्थान के नागौर जिले को 'एक्सीलेंस इन गवर्नमेंट प्रोसेस री-इंजीनियरिंग फॉर डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन' श्रेणी के अंतर्गत 24वाँ राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस पुरस्कार मिला।

52. 'इण्डियाज बेस्ट अवॉर्ड 2021' के तहत निम्नलिखित में से किस राज्य को 'बेस्ट वेडिंग डेस्टिनेशन' घोषित किया गया?

(a) केरल (b) मध्य प्रदेश
(c) गुजरात (d) राजस्थान

Lab Asst. (Science) (II Step) 29.06.2022 Shift-I

Ans. (d) : इंडियाज बेस्ट अवॉर्ड 2021 के तहत राजस्थान राज्य को 'बेस्ट स्टेट' (Best state) तथा 'बेस्ट वेडिंग डेस्टिनेशन' (Best Wedding Destination) घोषित किया गया। यह 'इंडियाज बेस्ट अवार्ड (India's Best Award 2021) का 10वाँ संस्करण था जिसमें विभिन्न श्रेणियों में पाठकों द्वारा दी गई रेटिंग के आधार पर विजेताओं का फैसला किया गया।
वर्ष 2022 का बेस्ट वेडिंग डेस्टिनेशन अवार्ड का विजेता केरल राज्य है।

53. 'राजस्थान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल-2022' की मेजबानी की गई–

(a) जयपुर द्वारा (b) जोधपुर द्वारा
(c) अजमेर द्वारा (d) कोटा द्वारा

Lab Asst. (Science) (II Step) 29.06.2022 Shift-I

Ans. (b) : 'राजस्थान इण्टरनेशनल फिल्म फेस्टिवल-2022' की मेजबानी जोधपुर द्वारा की गई। फिल्म फेस्टिवल का आयोजन 25 से 30 मार्च, 2022 तक तथा उद्घाटन समारोह अंसल रॉयल प्लाजा, जोधपुर, राजस्थान में संपादित हुआ। राजस्थान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 2022 की थीम-'सिनेमा और आध्यात्मिकता' थी।
राजस्थान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 2023 जयपुर में आयोजित किया जाएगा।

54. 18वीं राष्ट्रीय स्काउट एवं गाइड जम्बूरी की मेजबानी राजस्थान के .... जिले द्वारा की जायेगी।

(a) प्रतापगढ़ (b) राजसमन्द
(c) पाली (d) उदयपुर

Lab Asst. (Science) (II Step) 29.06.2022 Shift-I

Ans. (c) : 18वीं राष्ट्रीय स्काउट एवं गाइड जम्बूरी की मेजबानी राजस्थान के 'पाली' जिले द्वारा की जायेगी। इसका आयोजन पाली जिले के रोहत में 4 जनवरी से 10 जनवरी, 2023 तक होगा। उल्लेखनीय है कि जम्बूरी 4 साल में एक बार या विशेष अवसरों को चिन्हित करने के लिए आयोजित स्काउट और गाइड्स की एक राष्ट्रीय स्तर की सभा है।